building, equipments medicines, trained manpower, vehicles etc. through enhanced allocation of Central Assistance, making obligatory for medical graduates/post graduates to serve 2 to 3 years in the rural areas before they are given permanent registration, giving wide coverage to ISM & Homoeopathy in delivery of primary health care services and relaxing further the norms for primary health care infrastructure in areas inhabited by Scheduled Castes/Scheduled Tribes/primitive Tribal Groups/OBC and hilly areas.

### वायुदूत और एलाइंस एयर में भिन्नता

*180. **श्री महेश्वर सिंह:** क्या नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वायुदूत और हाल ही में गठित एलाइंस एयर में क्या भिन्नता है;

(ख) क्या सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि भविष्य में एलाइंस एयर भी वायुदूत की तरह घाटे में न चले;

(ग) क्या एलाइंस एयर के पायलटों और अन्य केबिन दल की भर्ती के लिए कोई मानदंड निर्धारित किए गये हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**नागर विमानन मंत्री (श्री सी०एम० इब्राहीम):** (क) एयर इंडिया और इंडियन एयरलाइन्स द्वारा बराबर के स्वामित्व में एक कम्पनी के रूप में वायुदूत का निगमन किया गया था। एयरलाइन एलाइड सर्विसेज लिमिटेड (ए०ए०एस०एल०) इंडियन एयरलाइन्स की पूर्ण स्वामित्व वाली एक सहायक कम्पनी है जो इसकी सेवाओं की पूर्ति करती है। एलाइंस एयर एयरलाइन एलाइड सर्विसेज लिमिटेड द्वारा प्रचालित एयरलाइन का ब्राण्ड नाम है।

(ख) एलाइंस एयर आर्थिक रूप से व्यवहार्य है क्योंकि इसने बी-737 विमान लगा रखे हैं जो वायुदूत द्वारा उपयोग किए जाने वाले विमानों से अधिक दक्ष हैं तथा इसके द्वारा प्रचालित मार्गों पर पर्याप्त यात्री यातायात है।

(ग) और (घ) "एलायंस एयर" डी०जी०सी०ए० द्वारा निर्धारित अर्हताओं को पूरा करने वाले विमानचालकों तथा योग्यता प्राप्त सेवा-उन्मुख केबिन कर्मीदल की नियुक्ति करती है।

---

## WRITTEN ANSWERS TO UNSTARRED QUESTIONS

### आन्ध्र प्रदेश में उच्च शक्ति वाले तथा कम शक्ति वाले ट्रांसमीटरों को लगाया जाना

1078. **डा० वाई० लक्ष्मी प्रसाद:** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आन्ध्र प्रदेश में उच्च शक्ति वाले तथा कम शक्ति वाले कितने-कितने टी०वी० ट्रांसमीटर लगाए गए हैं;

(ख) आन्ध्र प्रदेश में अब तक लगाए गए टी०वी० ट्रांसमीटरों के दायरे में कितने क्षेत्रफल तथा कितनी जनता को शामिल कर लिया गया है;

(ग) कितने टी०वी० ट्रांसमीटर लगाए जाने का विचार है; और

(घ) कितने टी०वी० ट्रांसमीटरों का उन्नयन किए जाने का विचार है और ट्रांसमीटरों के उन्नयन संबंधी लक्ष्य को कब तक पूरा कर लिया जाएगा?

**नागर विमानन मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री सी०एम० इब्राहीम):** (क) आन्ध्र प्रदेश राज्य में वर्तमान में 6 उच्च शक्ति टी०वी० ट्रांसमीटर (उ०श०ट्रा०) तथा 49 अल्प शक्ति टी०वी० ट्रांसमीटर (अ०श०ट्रा०) कार्यरत हैं।

(ख) आन्ध्र प्रदेश में इस समय लगभग 73.5% क्षेत्र तथा 81.9% जनसंख्या को टी०वी० सेवा उपलब्ध है।

(ग) इस प्रयोजनार्थ पर्याप्त संसाधन की उपलब्धता और पारस्परिक प्राथमिकताओं के अधीन आन्ध्र प्रदेश में भिन्न-भिन्न शक्तियों के 26 टी०वी० ट्रांसमीटर कार्यान्वयनाधीन/स्थापित किए जाने हेतु परिकल्पित हैं।;

(घ) अपेक्षित ब्यौरे विवरण में दिए गए हैं।